



SMT. LALITHA CHIDAMBARAM

Smt. Lalitha Chidambaram is a popular Classical Carnatic Vocalist. She sings along with her sister Smt. Saroja Chidambaram and together they are known as the Bombay Sisters. The Sisters have been performing for well over 5 decades and are among the senior most Carnatic musicians actively performing to this day.

2. Born on 26th August, 1938, at Trissur, Kerala to Smt. Mukthambal and Shri N. Chidambaram Iyer, Smt. Lalitha was brought up in Bombay. She and her sister Smt. Saroja had their early initiation in Carnatic Music, first from their sister; Smt. Sethu Mahadevan and later from Sri H.A.S. Mani. Both the Sisters got the Government of India Cultural Scholarship which brought them to Madras for higher studies in Carnatic Music from the then Central College of Karnatic Music, Adyar, under the direct tutelage of late Sri. Musiri Subramania Iyer. After passing out of the College with the title Sangeetha Vidwan, they continued their training in Carnatic Music from Sangeetha Kalanidhi late Sri T.K. Govinda Rao, the primary disciple of Sri. Musiri Subramania Iyer.

3. Smt. Lalitha and Smt. Saroja started their concert career from 1963 and have performed in all the sabhas in India, All India Radio, Doordarshan, Sangeetha Sammelans and private satellite channels. They have also performed in all major countries in the World. Notable among them are, concert tour of America and Canada in 1989 sponsored by Carnatic Music Association of North America; concert tour of the UK under the sponsorship of Bharatiya Vidya Bhavan, London in 1991 wherein they also conducted a workshop for the students of Bharatiya Vidya Bhavan; performed in the Cervantino International Music Festival at Mexico in 2001 under the sponsorship of the Indian Council for Cultural Relations and concert tours of USA in 2004, 2005 and 2006 under the sponsorship of Indo American Cultural Society, USA etc.

4. Smt. Lalitha and Smt. Saroja are classified as Top Grade Artistes by the A.I.R and have had the honor of being invited to give special concerts on various occasions including the Inauguration of FM Broadcast in Madras, Inauguration of National Channel of A.I.R. in New Delhi, the 500th Birth Centenary Celebrations of Saint Surdas, a concert exclusively on Thirupugazh at Saint Arunagiri Nathar festival, the World Women's Day organized by National Sangeet Natak Akademi, and the 8th World Tamil Conference, Tanjavoor.

5. Smt. Lalitha and Smt. Saroja have the distinction of having given the maximum Audio Cassettes recorded for various companies on a variety of subjects in Telugu, Tamil, Malayalam, Sanskrit and Kannada. The Tamil Version of Lalitha Sahasranamam by Super T Cassettes registered an unprecedented record sale for which they were presented the GOLD DISC.

6. Smt. Lalitha and Smt. Saroja founded a trust, named after their parents as Mukthambaram Trust and have been fostering, nourishing and giving proper exposure to young, deserving and unexposed or under exposed talents in the field of classical Carnatic music.

7. Smt. Lalitha and Smt. Saroja have been conferred with various awards and honours both in India and abroad. Notable among them are Madhura Gana Manoranjani by His Holiness Jeer of Ahobila Mutt in 1984; Kalaimamani from the Government of Tamil Nadu and lyal Isai Nataka Manram in 1992; Sangeetha Kala Saagaram by His Holiness Sri Shankaracharya Swamigal of Kamakoti Peetham; Kanchipuram in 1996; Sangita Ratnakara Sri Chowdaiha Memorial Award by Academy of Music, Bangalore in 1996; Sangeet Natak Akademi Award in 2005; Sangeetha Kalanidhi by the Madras Music Academy in 2011; S.V. Narayanaswamy Award conferred by Sree Rama Sevamandali, Bengaluru in 2018; and the M.S. Subbalakshmi Award from the Government of Tamil Nadu and lyal; Isai Nataka Manram in 2019.





श्रीमती ललिता चिदम्बरम्

श्रीमती ललिता चिदंबरम् एक लोकप्रिय कर्नाटक शास्त्रीय संगीत गायिका हैं। वह अपनी बहन श्रीमती सरोजा चिदंबरम् के साथ गाती हैं और दोनों को बॉम्बे सिस्टर्स के नाम से जाना जाता है। दोनों बहनें 5 दशकों से उत्कृष्ट गायन कर रही हैं और वर्तमान में कर्नाटक की सबसे वरिष्ठ संगीतज्ञों में शामिल हैं।

2. श्रीमती ललिता चिदंबरम् का जन्म 26 अगस्त, 1938 को केरल के त्रिसूर में श्रीमती मुकथम्बल और श्री एन. चिदंबरम् अय्यर के घर और लालन–पालन बॉम्बे में हुआ। उन्होंने अपनी बहन श्रीमती सरोजा के साथ सबसे पहले अपनी बहन श्रीमती सेतु महादेवन और बाद में श्री एच.ए.एस. मणि से कर्नाटक संगीत की प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण की। भारत सरकार की सांस्कृतिक छात्रवृत्ति मिलने के बाद दोनों बहनें श्री मुसिरी सुब्रमनिया अय्यर के संरक्षण में, तत्कालीन केंद्रीय कर्नाटक संगीत कॉलेज, अडयार से कर्नाटक संगीत के उच्च अध्ययन के लिए मद्रास आ गईं। कॉलेज से संगीत विद्वान की उपाधि हासिल करने के बाद, वे श्री मुसिरी सुब्रमनिया अय्यर के प्रमुख शिष्य संगीत कलानिधि स्वर्गीय श्री टी.के. गोविंदा राव से कर्नाटक संगीत सीखती रहीं।

3. श्रीमती ललिता और श्रीमती सरोजा ने 1963 से अपने संगीत जीवन की शुरुआत की, और उन्होंने आकाशवाणी, दूरदर्शन, संगीत सम्मेलन, और निजी उपग्रह चैनलों सहित भारत के सभी संगीत समारोहों में प्रस्तुति दी है। उन्होंने दुनिया के सभी प्रमुख देशों में भी गायन का प्रदर्शन किया है। इनमें 1989 में उत्तर अमेरिका के कर्नाटक संगीत संघ द्वारा प्रायोजित अमेरिका और कनाडा का संगीत कार्यक्रम; 1991 में भारतीय विद्या भवन, लंदन द्वारा प्रायोजित यूके का संगीत कार्यक्रम जिसमें उन्होंने भारतीय विद्या भवन के छात्रों के लिए एक कार्यशाला भी आयोजित की; 2001 में मैक्सिको में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद द्वारा प्रायोजित सर्वांटिनो इंटरनेशनल म्यूजिक फेस्टिवल, इंडो अमेरिकन कल्चरल सोसाइटी, संयुक्त राज्य अमेरिका आदि के प्रायोजन के तहत 2004, 2005 और 2006 में संयुक्त राज्य अमेरिका के संगीत कार्यक्रम उल्लेखनीय हैं।

4. श्रीमती ललिता और श्रीमती सरोजा आकाशवाणी की शीर्ष ग्रेड कलाकार हैं और उन्हें मद्रास में एफएम प्रसारण के उद्घाटन, नई दिल्ली में आकाशवाणी के राष्ट्रीय चैनल के उद्घाटन, संत सूरदास का 500 वां जन्म शताब्दी समारोह, संत अरुणगिरि नाथर समारोह में विशेष रूप से थिरुपुगाज पर विशेष संगीत कार्यक्रम, राष्ट्रीय संगीत नाटक अकादमी द्वारा आयोजित विश्व महिला दिवस और 8वें विश्व तमिल सम्मेलन, तंजावुर सहित विभिन्न अवसरों पर विशेष संगीत कार्यक्रम प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किए जाने का सम्मान प्राप्त हुआ है।

5. श्रीमती ललिता और श्रीमती सरोजा को तेलुगु, तमिल, मलयालम, संस्कृत और कन्नड़ में विभिन्न विषयों पर विभिन्न कंपनियों के लिए सबसे अधिक ऑडियो कैसेट रिकॉर्ड करवाने का गौरव प्राप्त है। सुपर टी कैसेट्स द्वारा ललिता सहस्रनामम के तमिल संस्करण की अभूतपूर्व रिकॉर्ड बिक्री हुई जिसके लिए उन्हें गोल्ड डिस्क प्रदान की गई है।

6. श्रीमती ललिता और श्रीमती सरोजा ने एक ट्रस्ट की स्थापना की, जिसका नामकरण उनके माता–पिता के नाम पर 'मुक्थंबरम ट्रस्ट' किया गया है और वे कर्नाटक शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में कम आयु की योग्य और अनजान या कम निखरी प्रतिभाओं को प्रेरित, पोषित और प्रोत्साहित करती रही हैं।

7. श्रीमती ललिता और श्रीमती सरोजा को भारत और विदेश दोनों में विभिन्न पुरस्कार और सम्मान प्रदान किए गए हैं। इनमें से 1984 में अहोबिला मठ के परमपूज्य पीठाधीश्वर द्वारा मधुर गान मनोरंजनी, तमिलनाडु सरकार की ओर से कलायमामणि और 1992 में इयाल इसाई नाटक मनरम, 1996 में कामकोटिपीठम, कांचीपुरम के परम पूज्य श्री शंकराचार्य स्वामीगल द्वारा संगीत कला सागरमय 1996 में संगीत अकादमी, बैंगलोर द्वारा संगीत रत्नाकर श्री चौदैहा मेमोरियल अवार्ड, 2005 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, 2011 में मद्रास संगीत अकादमी द्वारा संगीत कलानिधि, 2018 में श्रीराम सेवामंडली, बेंगलुरु द्वारा एस.वी. नारायणस्वामी पुरस्कार प्रदान किया गया और 2019 में तमिलनाडु सरकार द्वारा एम.एस. सुब्बालक्ष्मी पुरस्कार और इयाल, इसाई नाटक मनरम उल्लेखनीय हैं।





SMT. SAROJA CHIDAMBARAM

Smt. Saroja Chidambaram is a popular Classical Carnatic Vocalist. She sings along with her sister Smt. Lalitha Chidambaram and together they are known as the Bombay Sisters. The Sisters have been performing for well over 5 decades and are among the senior most Carnatic musicians actively performing to this day.

2. Born on 7th December, 1936, at Trissur, Kerala to Smt. Mukthambal and Shri N. Chidambaram Iyer, Smt. Saroja was brought up in Bombay. She and her sister Smt. Lalitha had their early initiation in Carnatic Music, first from their sister; Smt. Sethu Mahadevan and later from Sri H.A.S. Mani. Both the Sisters got the Government of India Cultural Scholarship which brought them to Madras for higher studies in Carnatic Music from the then Central College of Karnatic Music, Adyar, under the direct tutelage of late Sri. Musiri Subramania Iyer. After passing out of the College with the title Sangeetha Vidwan, they continued their training in Carnatic Music from Sangeetha Kalanidhi late Sri T.K. Govinda Rao, the primary disciple of Sri. Musiri Subramania Iyer.

3. Smt. Saroja and Smt. Lalitha started their concert career from 1963, and have performed in all the sabhas in India, All India Radio, Doordarshan, Sangeetha Sammelans, and private satellite channels. They have also performed in all major countries in the World. Notable among them are, concert tour of America and Canada in 1989 sponsored by Carnatic Music Association of North America; concert tour of the UK under the sponsorship of Bharatiya Vidya Bhavan, London in 1991 wherein they also conducted a workshop for the students of Bharatiya Vidya Bhavan; performed in the Cervantino International Music Festival at Mexico in 2001 under the sponsorship of the Indian Council for Cultural Relations and concert tour of USA in 2004, 2005 and 2006 under the sponsorship of Indo American Cultural Society, USA etc.

4. Smt. Saroja and Smt. Lalitha are classified as Top Grade Artistes by the A.I.R and have had the honor of being invited to give special concerts on various occasions including the Inauguration of FM Broadcast in Madras, Inauguration of National Channel of A.I.R. in New Delhi, the 500th Birth Centenary Celebrations of Saint Surdas, a concert exclusively on Thirupugazh at Saint Arunagiri Nathar festival, the World Women's Day organized by National Sangeet Natak Akademi, and the 8th World Tamil Conference, Tanjavoor.

5. Smt. Saroja and Smt. Lalitha have the distinction of having given the maximum Audio Cassettes recorded for various companies on a variety of subjects in Telugu, Tamil, Malayalam, Sanskrit and Kannada. The Tamil Version of Lalitha Sahasranamam by Super T Cassettes registered an unprecedented record sale for which they were presented the GOLD DISC.

6. Smt. Saroja and Smt. Lalitha founded a trust, named after their parents as Mukthambaram Trust and have been fostering, nourishing and giving proper exposure to young, deserving and unexposed or under exposed talents in the field of classical Carnatic music.

7. Smt. Saroja and Smt. Lalitha have been conferred with various awards and honours both in India and abroad. Notable among them are Madhura Gana Manoranjani by His Holiness Jeer of Ahobila Mutt in 1984, Kalaimamani from the Government of Tamil Nadu and lyal Isai Nataka Manram in 1992, Sangeetha Kala Saagaram by His Holiness Sri Shankaracharya Swamigal of Kamakoti Peetham, Kanchipuram in 1996, Sangita Ratnakara Sri Chowdaiha Memorial Award by Academy of Music, Bangalore in 1996, Sangeet Natak Akademi Award in 2005, Sangeetha Kalanidhi by the Madras Music Academy in 2011, S.V. Narayanaswamy Award conferred by Sree Rama Sevamandali, Bengaluru in 2018, and the M.S. Subbalakshmi Award from the Government of Tamil Nadu and lyal, Isai Nataka Manram in 2019.





श्रीमती सरोजा चिदम्बरम्

श्रीमती सरोजा चिदंबरम् एक लोकप्रिय कर्नाटक शास्त्रीय संगीत गायिका हैं। वह अपनी बहन श्रीमती ललिता चिदंबरम् के साथ गाती हैं और दोनों को बॉम्बे सिस्टर्स के नाम से जाना जाता है। दोनों बहनें 5 दशकों से उत्कृष्ट गायन कर रही हैं और वर्तमान में सबसे वरिष्ठ सक्रिय संगीतकारों में शामिल हैं।

2. श्रीमती सरोजा चिदंबरम् का जन्म 7 दिसम्बर, 1936 को केरल के त्रिसूर में श्रीमती मुकथम्बल और श्री एन. चिदंबरम् अय्यर के घर और लालन–पालन बॉम्बे में हुआ। उन्होंने अपनी बहन श्रीमती ललिता के साथ सबसे पहले अपनी बहन श्रीमती सेतु महादेवन और बाद में श्री एच.ए.एस. मणि से कर्नाटक संगीत की प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण की। भारत सरकार की सांस्कृतिक छात्रवृत्ति मिलने के बाद दोनों बहनें श्री मुसिरी सुब्रमनिया अय्यर के संरक्षण में, तत्कालीन केंद्रीय कर्नाटक संगीत कॉलेज, अडयार से कर्नाटक संगीत के उच्च अध्ययन के लिए मद्रास आ गईं। कॉलेज से संगीत विद्वान की उपाधि हासिल करने के बाद, वे श्री मुसिरी सुब्रमनिया अय्यर के प्रमुख शिष्य संगीत कलानिधि स्वर्गीय श्री टी.के. गोविंदा राव से कर्नाटक संगीत सीखती रहीं।

3. श्रीमती सरोजा और श्रीमती ललिता ने 1963 से अपने संगीत जीवन की शुरुआत की, और उन्होंने आकाशवाणी, दूरदर्शन, संगीत सम्मेलन, और निजी उपग्रह चैनलों सहित भारत के सभी संगीत समारोहों में प्रस्तुति दी है। उन्होंने दुनिया के सभी प्रमुख देशों में भी गायन का प्रदर्शन किया है। इनमें 1989 में उत्तर अमेरिका के कर्नाटक संगीत संघ द्वारा प्रायोजित अमेरिका और कनाडा का संगीत कार्यक्रम; 1991 में भारतीय विद्या भवन, लंदन द्वारा प्रायोजित यूके का संगीत कार्यक्रम जिसमें उन्होंने भारतीय विद्या भवन के छात्रों के लिए एक कार्यशाला भी आयोजित की; 2001 में मैक्सिको में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद द्वारा प्रायोजित सर्वांटिनो इंटरनेशनल म्यूजिक फेस्टिवल, इंडो अमेरिकन कल्चरल सोसाइटी, संयुक्त राज्य अमेरिका आदि के प्रायोजन के तहत 2004, 2005 और 2006 में संयुक्त राज्य अमेरिका के संगीत कार्यक्रम उल्लेखनीय है।

4. श्रीमती सरोजा और श्रीमती ललिता आकाशवाणी की शीर्ष ग्रेड कलाकार हैं और उन्हें मद्रास में एफएम प्रसारण के उद्घाटन, नई दिल्ली में आकाशवाणी के राष्ट्रीय चैनल के उद्घाटन, संत सूरदास का 500 वां जन्म शताब्दी समारोह, संत अरुणगिरि नाथर समारोह में विशेष रूप से थिरुपुगाज पर विशेष संगीत कार्यक्रम, राष्ट्रीय संगीत नाटक अकादमी द्वारा आयोजित विश्व महिला दिवस और 8वें विश्व तमिल सम्मेलन, तंजावुर सहित विभिन्न अवसरों पर विशेष संगीत कार्यक्रम प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किए जाने का सम्मान प्राप्त हुआ है।

5. श्रीमती सरोजा और श्रीमती ललिता को तेलुगु, तमिल, मलयालम, संस्कृत और कन्नड़ में विभिन्न विषयों पर विभिन्न कंपनियों के लिए सबसे अधिक ऑडियो कैसेट रिकॉर्ड करवाने का गौरव प्राप्त है। सुपर टी कैसेट्स द्वारा ललिता सहस्रनामम के तमिल संस्करण की अभूतपूर्व रिकॉर्ड बिक्री हुई जिसके लिए उन्हें गोल्ड डिस्क प्रदान की गई है।

6. श्रीमती सरोजा और श्रीमती ललिता ने एक ट्रस्ट की स्थापना की, जिसका नामकरण उनके माता–पिता के नाम पर 'मुक्थंबरम ट्रस्ट' किया गया है और वे कर्नाटक शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में कम आयु की योग्य और अनजान या कम निखरी प्रतिभाओं को प्रेरित, पोषित और प्रोत्साहित करती रही हैं।

7. श्रीमती सरोजा और श्रीमती ललिता को भारत और विदेश दोनों में विभिन्न पुरस्कार और सम्मान प्रदान किए गए हैं। इनमें से 1984 में अहोबिला मठ के परमपूज्या पीठाधीश्वर द्वारा मधुर गान मनोरंजनी, तमिलनाडु सरकार की ओर से कलायमामणि और 1992 में इयाल इसाई नाटक मनरम, 1996 में कामकोटिपीठम, कांचीपुरम के परम पूज्य श्री शंकराचार्य स्वामीगल द्वारा संगीत कला सागरम स्वामी ईगलाम की, 1996 में संगीत अकादमी, बैंगलोर द्वारा संगीत रत्नाकर श्री चौदैहा मेमोरियल अवार्ड, 2005 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, 2011 में मद्रास संगीत अकादमी द्वारा संगीत कलानिधि, 2018 में श्रीराम सेवामंडली, बेंगलुरु द्वारा एस.वी. नारायणस्वामी पुरस्कार प्रदान किया गया और 2019 में तमिलनाडु सरकार द्वारा एम.एस. सुब्बालक्ष्मी पुरस्कार और इयाल, इसाई नाटक मनरम उल्लेखनीय हैं।